आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.05.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- पहला वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स मुंबई में संपन्न; वेव्स बाजार में एक हजार तीन सौ करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर में राज्य कृषि बागवानी अकादमी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना बनाने को कहा।
- देहरादून के जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड का उपयोग केवल उपचार तक सीमित रखने और इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।

वेव्स सम्मेलन संपन्न

भारत का पहला वेव्स सम्मेलन कल मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हो गया। बृहस्पतिवार को सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में शामिल प्रत्येक क्रिएटर बेहतर कलाकार बना है। मुंबई में वेव्स सम्मेलन के सांस्कृतिक सत्र में श्री जाजू ने कहा कि क्रिएट इन इंडिया चैलेंज में शामिल हुए संगीतकारों ने अपने प्रदर्शन से देश के सार को दर्शाया है। श्री जाजू ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि वेव्स सम्मेलन निवेश, व्यापार, कला और संस्कृति के लिए एक अविश्वसनीय मंच रहा है।

प्रभावी कार्ययोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर में राज्य कृषि बागवानी अकादमी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध हेतु एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य कृषि और बागवानी के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री जल्द ही यह प्रस्ताव केंद्रीय कृषि मंत्री के समक्ष रखेंगे।

मुख्यमंत्री आवास में हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के कृषि और औद्यानिकी से जुड़े प्रमुख मुद्दों को केंद्र सरकार के सामने मजबूती से रखा जाए। साथ ही उन्होंने आगामी 20 से 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए कृषि क्षेत्र की चुनौतियों और समस्याओं पर आधारित ठोस रोडमैप तैयार करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने पर्वतीय और सीमांत जिलों के लिए मनरेगा की विशेष मजदूरी दर लागू करने, राज्य के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज़' को बढ़ावा देने के लिए एयरपोर्ट पर स्टॉल स्थापित करने, और पंतनगर विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए एग्रो टूरिज्म स्कूल शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग और समन्वय बनाने के निर्देश दिये हैं।

## जीनोम सवंर्धित चावल किस्म

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – आई सी ए आर द्वारा विकसित भारत की जीनोम संवर्धित चावल की पहली दो किस्में जारी कीं। उन्होंने परियोजना से जुड़े कृषि वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में महत्पूर्ण उपलब्धि साबित होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि बढ़ती आबादी की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये दोनों किस्में न केवल किसानों के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी फायदेमंद हैं।

## चारधाम यात्रा उत्साह

चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुआ में खासा उत्साह नजर आ रहा है।यात्रा के लिये अब तक 24 लाख 37 हजार से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके हैं और लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालु, धामों में दर्शन कर चुके हैं। साथ ही, फरवरी 2025 से शुरू हुई गढ़वाल मंडल विकास निगम की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग के जरिए अब तक 11 करोड़ 84 लाख रुपये से अधिक की बुकिंग हो चुकी है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा पर आने से पहले डॉक्टर की सलाह लें और अपनी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार तैयारी करें। ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी से स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए जरूरी दवाएं और उपकरण साथ रखें। उन्होंने तीर्थयात्रियों से यात्रा के दौरान पहचान पत्र और अनुमति–पत्र साथ रखने और सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा है।

## कार्रवाई निर्देश

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने अल्ट्रासाउंड का उपयोग केवल उपचार तक सीमित रखने और इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक– पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भ्रूण लिंग जांच या बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे केंद्रो की मान्यता बिना किसी नोटिस के रद्द की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अग्नि सुरक्षा उपकरण, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, और भवन नक्शे की स्वीकृति अनिवार्य होगी। समय से नवीनीकरण आवेदन न करने वाले सेंटरों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे।

उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्रवार रोस्टर बनाकर नियमित निरीक्षण किया जाए और इसमें संबंधित उपजिलाधिकारी और पुलिस अधिकारी शामिल हों। सहसपुर ब्लॉक में लिंगानुपात अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने वहां सामाजिक ऑडिट कराने के निर्देश भी दिए गए। इस टीम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला चिकित्सक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य के अनेक हिस्सों में आज मध्यम से तेज बारिश हो सकती है और साथ ही कुछ हिस्सों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का यह दौर अगले दो दिनों तक जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आम लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य जांच शिविर

नगर निगम देहरादून, स्वास्थ्य विभाग और वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सहयोग से नगर निगम टाउन हॉल में कचरा बीनने वाले के लिए बहुउद्देशीय एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 232 कूड़ा बिनने वाले स्वच्छता योद्धाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और सभी को सुरक्षा किट वितरित की गई।

शिविर में 40 लोगों के "नमस्ते योजना" के तहत आईडी कार्ड बनाए गए और 165 लोगों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। सभी वेस्ट वॉरियर्स को जूते, दस्ताने, मास्क, सैनिटाइजर और रिफ्लेक्टर जैकेट जैसी सुरक्षा सामग्री भी दी गई।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। गेंदे के फूलों से सजे खुबसूरत बदरीनाथ धाम के चित्र के साथ अमर उजाला समाचार पत्र का शीर्षक है– पन्द्रह हजार श्रद्धालु बने अखंड ज्योति के साक्षी, लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर समेत आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी की पूजाएं भी शुरु, श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल।

कृषि और औद्योनिकी की तस्वीर संवारने को चार हजार सात सौ सतावन करोड़ की दरकार। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कृषि और औद्योनिकी से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के दृष्टिगत प्रस्ताव रखेंगे।

गर्भवतियों को बेवजह रेफर किया तो अस्पतालों पर होगी कार्रवाई, हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार, प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक प्रसव सुनिश्चित करने के लिये सरकार रेफरल के हर केस का ऑडिट कराएगी।

टिहरी और नरेन्द्र नगर वन प्रभाग में पिरूल कलेक्शन के लिये दस नए सेंटर बनाने के निर्देश दिये गये हैं। नवोदय टाइम्स समाचार पत्र लिखता है– स्थानीय ग्रामीणों की सक्रियता को देखते हुए अपर वन प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा ने यह निर्देश दिये। समाचार पत्र के अनुसार पिरूल एकत्रीकरण के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता लेने को भी कहा गया है, जिसके लिये उन्हें दस रुपए प्रतिकिलो का भाव मिलेगा।